सेंन्टमोंटफोर्ट विद्यालय में दो दिवसीय सेमीनार

दिनांक 15 मार्च एवं 16 मार्च 2017 को सेन्टमोन्टफोर्ट विद्यालय के शिक्षिकाओं के लिए दो दिवसीय सेमीनार सेन्टमोन्टफोर्ट विद्यालय के सेमीनार हॉल मे आयोजन किया गया । यह सेमीनार ''ओरियंट ब्लैक स्वैन ''के सहयोग से आयोजित किया गया । यसेमीनार को मिस प्रेरणा अरमान द्वारा संबोधित किया गया। उन्होंने इन दो दिनों में शिक्षा की विभिन्न तकनीकों की जानकारियाँ दीं तथा उन तकनीको के उपयोग व प्रयोग की जानकारियाँ दी। उन्होने अध्यापकों को उन तकनीकों को अपना कर अपनी शैक्षिक शिक्षा तकनीक को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया । दो दिवसीय सेमीनार में सभी जानकारियाँ रोचक ढंग से प्रस्तुत की गई जिससे प्रतिभागी उन तकनीको को अपनाने के लिए उत्साहपूर्वक प्रेरित हुए । इस सेमीनार में सेन्टमोन्टफोर्ट विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर एलेक्स , उप्राचार्य ब्रदर विलियम सहित सभी शिक्षक – शिक्षिकाओं ने भाग लिया। सेमिनार की समाप्ति पर रोज.लीन इक्का दवारा आभार प्रदर्शन किया गया । विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर एलेक्स ने इस सेमीनार को उत्कृष्ट बताते हुए मिस प्रेरणा अरमान एवं ओरियंट व्लैक स्वैन समूह के टीम एरिया इचार्ज अभिनव श्रीवास्तक उनकी टीम को सेमीनार के सफल आयोजित हेतु बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की।

प्राचार्य